तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 18. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 23 फरवरी 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



4 बदहाली के दौर से गुजर रहे जिले के अधिकांश तालाब




## खबर संक्षेप

### होलाष्टक आज से, मांगलिक व शुभ कार्य रहेगा वर्जित

**जांजगीर-चांपा।** होलिका दहन के पुर्व फाल्गुन शुक्ल अष्टमी को होलाष्टक लग जाता है। जो इस वर्ष सोमवार 23 फरवरी को लग रही है। होलाष्टक में विवाह, गृह प्रवेश गृह निर्माण, मुण्डन, उपनयन, व्यापार प्रारंभ आदि सभी शुभ कार्य वर्जित होते है। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर के पुजारी पं. किरण कुमार मिश्रा ने जानकारी दी की होलाष्टक का प्रभव विषेश रुप से व्यास सतलुज रावी नदी के तट वर्तिय क्षेत्रों में ज्यादा प्रभव होता है। अन्यत्र नहीं धर्मिक मान्यता के अनुसार भक्त प्रहलाद को उनके पिता हिरण्यकश्यप ने भगवान विष्णु की भक्ति करने के कारण आठ दिनों तक धोर कष्ट दिया था और आठवें दिन होलिका ने प्रहलाद को गोद में ले कर अग्नि में प्रवेश किया था, परंतु दुभावना के कारण होलिका भस्म हो गई तथ प्रहलाद सकुशल अग्नि से बाहर हो गऐ इसी कारण आठ दिनों तक कोई भी शुभ कार्य नही करना चाहिए। रंगों का त्योहार 4 मार्च को चैत्र प्रतिप्रदा को मनाया जाएगा एवं 3 मार्च को होलिका दहन मुर्हूत भद्रा समाप्ति के बाद रात को 1 बजकर 26 मिनट से 2 बजकर 36 मिनट तक होलिका दहन किया जा सकता है। 3 मार्च को चन्द्र ग्रहण भी है जो भारत में ग्रस्तोदय के रुप में सांय 6 बजकर 7 मिनट से 6 बजकर 47 मिनट तक दृश्य रहेगा। होली महोत्सव चैत्र प्रतिप्रदा को प्रहलाद के निरापद बच जाने के उत्सव के रुप में नवीन फसल आने केरुप में ,नव संवतसर आने के खुशी में चैत्र कृष्ण पंचमी तक रंग लगाकर गाायन वादन कर मनाया जाता है।

### डॉ अश्विनी केशरवानी केंद्रीय अध्ययन मंडल में शामिल

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम 1973



की धारा 34-क के अंतर्गत केंद्रीय अध्ययन मंडल का गठन किया गया है। इसके तहत विभिन्न संकाय में विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति की गई है। आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ की सिफारिश के आधार पर विषयवार विषय विशेषज्ञों को मनोनीत किया गया है। इनमें जांजगीर चांपा जिले के डागा कॉलोनी बरपाली चौक चांपा में निवासरत रिटायर्ड कॉलेज प्रोफेसर डॉ अश्विनी केशरवानी को जीवविज्ञान संकाय अंतर्गत सेरिकल्चर विभाग के केंद्रीय अध्ययन मंडल में शामिल किया गया है। डॉ केशरवानी मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय से जीवविज्ञान के सेवानिवृत प्राध्यापक हैं।

### 15 मार्च तक मनरेगा कार्य तो जून तक पीएम आवास पूर्ण करने के निर्देश

**जांजगीर-चांपा।** जनपद पंचायत नवागढ़ में आयोजित विस्तृत समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे ने विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। इस दौरान सीईओ ने 15 मार्च तक मनरेगा के कार्य व जून माह तक पीएम आवास का कार्य पूर्ण करने की हिदायत दी। बैठक में जनपद सीईओ, सहायक अभियंता, कार्यक्रम अधिकारी सहित सभी तकनीकी सहायक एवं रोजगार सहायकों की उपस्थित थे। बैठक में जिला सीईओ ने कहा कि मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर, अर्थात 15 मार्च तक समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने लंबित कार्यों में तेजी लाने, मजदूरों को समय पर रोजगार उपलब्ध कराने तथा कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को कार्यस्थलों पर नियमित निरीक्षण और प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा करने कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत आवासों में हितग्राहियों को 90 दिवस की मजदूरी सुनिश्चित करने निर्देशित किया।


---

दिनोंदिन बढ़ रहा यातायात का दबाव, कम होगा हादसों का खतरा

# पांच दशक पुराने जर्जर गेमन पुल पर आवागमन दूभर, 15 करोड़ की लागत से बनेगा नया पुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर और चांपा शहर को जोड़ने वाला गेमन पुल समय के साथ जर्जर हो चुका है। पांच दशक पुराने इस पुल पर आवागमन दुभर हो चुका है और हादसों का खतरा बना रहता है। अब हसदेव नदी पर 15 करोड़ 86 लाख रुपए की लागत से नया पुल बनाया जाएगा। इसे लेकर मार्ग पर आने वाले अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही के साथ अन्य जरूरी प्रकृया भी प्रारंभ कर दी गई है।



हसदेव नदी पर बना पांच दशक पुराना गेमन पुल।

गौरतलब है कि चांपा शहर के हसदेव नदी तट पर 15 करोड़ 86 लाख रुपए की लागत से नया हाईलेबल पुल निर्माण कार्य किया जाना है, ताकि रास्ते से होकर आने जाने वाले लोगो को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। इसके लिए अतिक्रमण हटाने के साथ साथ अन्य जरूरी प्रक्रिया भी अब प्रारंभ कर दी गई है। चांपा शहर के हसदेव नदी तट पर स्थित गेमन पुल का निर्माण कार्य 1970 में हुआ था। पुल को बने करीब 55 साल का समय बीत चुका है। बदलते समय के साथ साथ वाहनों की संख्या भी लगातर बढ़ती ही जा रही है, जिसके कारण पुराने एवं जर्जर हो चुके पुल पर लगातार यातायात का दबाव बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में आने-जाने वाले लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जर्जर हो चुके पुल पर आए दिन हादसे भी हो रहे है। ऐसे में नए पुल निर्माण के लिए लंबे समय से मांग उठ रही थी, जिसे देखते हुए वर्ष 2024 में नया पुल बनाने को लेकर लेकर प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था, जिसके बाद नवम्बर महीने 2025 में नया पुल बनाने को लेकर राज्य शासन से सहमति प्राप्त हो चुकी है। वहीं इसके लिए करीब 15 करोड़ 86 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। नया पुल की लंबाई 300 मीटर रहेगी। वही 10 एवं 10 मीटर लंबे एप्रोच रोड भी इस पर बनाया जाना है। वही नए पुल में 16 स्पान भी लगाया जाएगा। हाईलेबल पुल निर्माण कार्य चाम्पा शहर के हसदेव नदी तट के एनीकट के पास कराया जाना है। इसके लिए टेंडर सहित अन्य प्रक्रिया जल्द ही आगे बढ़ेगी। नया पुल बनने के बाद जांजगीर, चाम्पा, कोरबा, बिलासपुर, रायपुर आने जाने लोगो की सुविधाएं बढ़ेगी।

### जल्द शुरू होगी प्रक्रिया

नया पुल निर्माण को लेकर करीब 15 करोड 86 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हो चुकी है। पुल निर्माण को लेकर टेंडर सहित अन्य प्रक्रिया जल्द प्रारंभ की जाएगी। अतिक्रमण हटवाने की भी कार्यवाही की गई है।

-**नितेश तिवारी,** कार्यपालन अभियंता सेतु निगम, जांजगीर-चांपा

### अतिक्रमण हटाने की और भी होनी है कार्यवाही

चाम्पा शहर में नया पुल बनाने को लेकर लछनपुर,बिरगहनी मार्ग सहित अन्य जगहों पर आवागमन सुगम बनाने को लेकर अतिक्रमण भी हटाया जाना है ताकि पुल निर्माण के दौरान किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। करीब पखवाड़े भर पहले ही गेमन पुल परिसर के आसपास अवैध रूप से अतिक्रमण करके मकान बनाने के मामले में कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटाया गया था। अब आगे भी पुल निर्माण के लिए जद में आने वाले अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जानी है।

---

# मेला देखने जा रहे मासूम को कैप्सूल वाहन ने कुचला

» शिवरीनारायण-गिधौरी मुख्य मार्ग की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

दादा के साथ बाइक में गिरौदपुरी मेला देखने जा रहे मासूम को कैप्सूल वाहन ने कुचल दिया। कैप्सूल के पहिये के नीचे आने से बालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना शिवरीनारायण-गिधौरी मार्ग की है।

गिरौधपुरी मेला देखने जा रहे 11 वर्षीय बालक की सड़क हादसे में मौत हो गई। बालक अपने दादा के साथ बाइक में सवार होकर मेला देखने जा रहा था, तभी तेज रफ्तार कैप्सूल वाहन ने बाइक सवार को ठोकर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। शिवरीनारायण थाने के एएसआई नरेंद्र शुक्ला ने बताया कि रविवार की दोपहर 2 बजे के आसपास ग्राम डोंगाकोहरौद थाना पामगढ़ निवासी विवेक दिनकर पिता जीवन दिनकर उम्र 11 वर्ष अपने दादा के साथ बाइक में सवार होकर मेला देखने गिरौधपुरी जा रहा था। दादा और पोता पुराने तहसील कार्यालय शिवरीनारायण के सामने शिवरीनारायण-गिधौरी मुख्य मार्ग पर पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रही कैप्सूल वाहन क्रमांक सीजी 22 एक्स 1164 ने टक्कर मार दी। कैप्सूल वाहन की ठोकर से बाइक चालक अनियंत्रित होकर दूर जा गिरा वही ग्यारह वर्षीय बालक विवेक दिनकर कैप्सूल वाहन के पहिए के नीचे आ गया। कैप्सूल वाहन के पहिए के नीचे आते ही बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर दुर्घटनाकारित वाहन को जप्त कर लिया हैं। वही शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया हैं।



कैप्सूल वाहन के पहिये के नीचे बालक का शव।

हादसे के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क में हुए जानलेवा गड्ढे से बचने के लिए बाइक सवार ने साइड करने की कोशिश की जिस कारण से दुर्घटना घटी। कैप्सूल वाहन की टक्कर से बाइक चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और दर्दनाक हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही शिवरीनारायण पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

अकलतरा। कापन के पास चलती ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गोंदिया के चार युवक काम के सिलसिले में उड़ीसा गए थे। काम निपटाने के बाद गोंदिया जिले के नवेगांव निवासी अंकुश लीलाराम अपने साथियों के साथ ट्रेन से वापस लौट रहा था। शनिवार की रात वह चलती ट्रेन से कापन के पास गिर गया। घटना की सूचना पर अकलतरा जीआरपी टीम मौके पर पहुंची। लहुलूहान अवस्था में अंकुश लीलाराम को अकलतरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया। अस्पताल में ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक के पास से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान गोदिंया जिले के नवेगांव निवासी अंकुश लीलाराम के रुप में हुई है।

---





पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त सट्टा-पट्टी।

# सट्टा-पट्टी के साथ खाईवाल को पुलिस ने धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

सट्टा खेलाने वाले खाईवाल को पुलिस ने सट्टा पट्टी के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से नगदी रकम 6570 रुपए जब्त किए गए है। आरोपी के विरुद्ध धारा 6 छग जुआ प्रतिशेध अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की शनि मंदिर रोड खुले स्थान में किशोर धकाते नाम का व्यक्ति कागज पेन से सट्टा पटटी लिखकर रूपये पैसे का दांव लगवाकर हार-जीत का खेल खेला रहा है। सूचना पर मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई। पुलिस को आते देखकर खेलने वाले भाग गये एक व्यक्ति मिला जिसे पूछने पर अपना नाम किशोर धकाते निवासी बरछापारा चांपा का होना बताया जिसके कब्जे से एक सट्टा-पटटी कागज तथा नगदी रकम 6570 रू को जप्त किया गया। पुलिस द्वारा थाना चांपा में धारा 6 छग जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 पंजीबद्ध कर किशोर धकाते को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी चांपा अशोक वैष्णव, प्रधान आरक्षक नरसिंह बर्मन, आरक्षक मुद्रिका दुबे, गौरीशंकर राय का योगदान रहा।

**खास बात**

- चांपा पुलिस की कार्रवाई, मौके से कई अन्य फरार

---

# राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में 5 हजार परीक्षार्थी हुए शामिल, 1236 रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छतीसगढ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा रविवार को दो पालियों में हुई। परीक्षा के लिए जिले में 9 केन्द्र बनाए गए थे। परीक्षा दिलाने 6 हजार 242 युवाओ ने आवेदन जमा किए थे, जिनमें से 5 हजार 6 अभ्यर्थी शामिल हुए। वहीं 1236 परीक्षा से अनुपस्थित रहे।

- जिले के 9 सेंटर में दो पालियों में हुआ एग्जाम

गौरतलब है कि रविवार 22 फरवरी को छतीसगढ लोक सेवा आयोग के द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन जिले के 9 परीक्षा केन्द्रों मे किया गया। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए करीब 6 हजार 242 अभ्यर्थियो ने आवेदन जमा किया था। परीक्षा में 5 हजार 6 अभ्यर्थी शामिल हुए वहीं 1 हजार 236 युवा परीक्षा दिलाने के लिए आवेदन जमा करने के बाद भी एग्जाम हॉल नहीं पहुंचे। रविवार को दो पालियो में परीक्षा आयोजित की गई। पहली पाली की परीक्षा में शामिल होने के लिए कुल 3 हजार 121 ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 2 हजार 525 परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 596 परीक्षा से नदारद रहे। इसी प्रकार दुसरी पाली की परीक्षा में शामिल होने के लिए 3 हजार 121 अभ्यर्थियो ने आवेदन जमा किए थे, जिनमें से 2 हजार 481 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 640 लोग परीक्षा में शामिल नहीं हुए। जांजगीर चाम्पा जिले में परीक्षा को लेकर 9 केन्द्र बनाऐ गए थे। इनमें टीसीएल महाविद्यालय जांजगीर, नवीन कन्या महाविद्यालय जांजगीर, शासकीय कन्या हायरसेकेन्ड्री स्कूल जांजगीर,आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल क्रमांक 1 जांजगीर, डाईट प्रशिक्षण केन्द्र जांजगीर, पालिटेक्निक महाविघालय जांजगीर, एम एम आर पी जी महाविद्यालय चाम्पा, शासकीय कन्या हायर सेकेन्ड्री स्कूल खोखरा एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल चांपा को छतीसगढ राज्य लोक सेवा आयोग परीक्षा को लेकर केन्द्र बनाया गया था। इधर परीक्षा को लेकर केन्द्रों में कर्मचारियो की सेवाएं लेने के साथ साथ सुरक्षा को लेकर पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। परीक्षा में किसी भी तरह के नकल को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे। परीक्षार्थियों की बारीकी से जांच करने के बाद केन्द्र में प्रवेश दिया गया। वहीं परीक्षा को लेकर जांजगीर शहर में काफी चहल पहल देखी गई। शाम के समय तो मुख्य मार्ग पर आवाजाही देखी गई।



केन्द्र से परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी।

---

# नाबालिग के साथ अनाचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**जांजगीर-चांपा।** नाबालिग बालिका के साथ अनाचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने महज 3 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पाक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बलौदा निवासी विजय कुमार केवट द्वारा नाबालिक बालिका को शादी का प्रलोभन देकर डरा धमका कर, सुनेपन का फायदा उठाकर अनाचार किया गया। मामले की सूचना पर बलौदा पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 64,64(2),(m), 69, 351(3) बीएनएस 4,6 अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने विजय कुमार केंवट को पकड़ा। हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर 22 फरवरी को न्यायिक रिमाण्ड भेज दिया गया।



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

---

कामकाज कराने लोगों को लगाना पड़ता है बिलासपुर का चक्कर

# जिला गठन के 27 साल बाद भी पर्यावरण विभाग का कार्यालय नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर-चांपा जिले के गठन को 27 साल हो चुके है, लेकिन अभी भी पर्यावरण विभाग का कार्यालय नहीं है। ऐसे में इस विभाग से संबंधित कामकाज के लिए लोगों को आज भी बिलासपुर का चक्कर लगाना पड़ता है। ऐसे में उन्हें आर्थिक परेशानी उठानी पड़ती है।

गौरतलब है कि जांजगीर-चांपा जिले का गठन 25 मई 1998 को किया गया। समय के साथ जिले में औद्योगिक इकाईयों की संख्या बढ़ती जा रही है। जिले में करीब 100 से अधिक छोटे-बड़े उद्योगों का संचालन किया जा रहा है। इनमें कई बड़े पावर प्लांट भी शामिल है। ऐसे में नियमों के तहत इनके संचालन से संबंधित एवं पर्यावरण को देखते हुए इससे संबंधित कार्यालय जिला मुख्यालय जांजगीर में होना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। ऐसे में एक ओर अधिकारी पर्यावरण संबंधित कामकाज के लिए बिलासपुर जाते आते रहते हैं इसके अलावा इन उद्योगों के आस-पास के ग्रामीणों को भी अपनी समस्या सुनाने के लिए जिम्मेदार विभाग के अधिकारी नहीं मिल पाते। बड़ी मात्रा में धूल डस्ट भी उनके घरों तक पहुंचते हैं ऐसे में वे जिला स्तर पर अपनी शिकायतों को लेकर पहुंचते हैं लेकिन इन शिकायतों का निपटारा नहीं हो पाता। इसकी प्रमुख वजह पर्यावरण विभाग का कार्यालय नहीं होना है।



जिले में संचालित उद्योग।

### पर्यटन विभाग के दफ्तर की भी जरुरत

जिले में पर्यटन के दृष्टिकोण से भी अपार संभावना है। साथ ही साथ शिवरीनारायण, कोटमीसोनार एवं पोड़ी दलहा को भी पर्यटन के क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है। इस बात को ध्यान में रखते हुए भी पर्यटन कार्यालय का संचालन जांजगीर-चांपा जिले में अति आवश्यक है, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में कार्यालय का संचालन बिलासपुर के माध्यम से ही जैसे तैसे हो रहा है। जिले में पर्यटन का दायरा धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। लोग हर अवसरों पर पर्यटन को देखने एवं घूमने-फिरने के उद्धेश्य से आते जाते रहते हैं। इन के माध्यम से विभाग को लाखों रुपए का राजस्व भी मिलता है, लेकिन कार्यालय बनाने की दिशा में कोई पहल नहीं की जा रही है।

---

# घर में घुसकर मारपीट करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, 8 फरवरी की रात करीब 9:30 बजे कोटमीसोनार निवासी शुभम यादव के घर में आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते घुसकर गाली-गलौज और मारपीट की। बीच-बचाव करने पर उनकी मां के साथ भी मारपीट की गई। मामले में थाना अकलतरा में अपराध क्रमांक 83/26 के तहत विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को उनके घर से पकड़ लिया। पूछताछ में जुर्म स्वीकार करने पर उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।गिरफ्तार आरोपियों में विजय कुमार केंवट उम्र 39 वर्ष, कन्या कुमारी केवट उम्र 36 वर्ष, रामेश्वर उर्फ परमेश्वर केंवट उम्र 28 वर्ष और अजय केंवट उम्र 38 वर्ष शामिल हैं। प्रकरण में एक विधि-विरुद्ध बालक की संलिप्तता भी सामने आई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक भास्कर शर्मा एवं एएसआई राजेंद्र सिंह क्षत्रिय, पुलिस सहायता केंद्र कोटमीसोनार का योगदान रहा।




## रजनीकांत-कमल हासन की फिल्म 'आरके एक्स केएच' का पोस्टर जारी

**मुंबई।** साउथ के 2 दिग्गज रजनीकांत और कमल हासन एक साथ आने के लिए तैयार हैं। निर्माताओं ने आखिरकार उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'आरके एक्स केएच' का पोस्टर जारी कर दिया है। इसी के साथ प्रोमो रिलीज पर अपडेट दे दिया है। पिंकविला की रिपोर्ट में बताया गया था कि प्रोमो के लिए दोनों ने रेट्रो लुक में शूटिंग की है, जिसका सबूत पोस्टर में देखने को मिला है। इसे 'कूल रेट्रो स्वैग' नाम दिया गया है, जिसे देखने के लिए लोग उतावले हैं। 'आरके एक्स केएच' के पहले पोस्टर में 2 व्यक्तियों के हाथ दिखाए गए हैं। एक ने सोने की चमचमाती हुई घड़ी पहन रखी है, जबकि दूसरे के हाथ में सोने की अंगूठी नजर आ रही है।

लाइफ Style



# भूमि

## काश मैं सिस्टम का हिस्सा होती

अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने हाल ही में अपनी फिल्म 'द लेडी किलर' की भारी असफलता और उससे जुड़े विवादों पर पहली बार खुलकर बात की है। अर्जुन कपूर संग बनी इस फिल्म को भारतीय सिनेमा की अब तक की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्मों में से एक माना जाता है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भूमि ने एक इंटरव्यू में बतायो कि फिल्म का जो वर्जन दर्शकों ने देखा, वो अधूरा था। भूमि बोलीं कि इस फिल्म की असफलता ने उन्हें बुरी तरह तोड़ दिया था। मीडिया से बातचीत के दौरान भूमि ने अपनी फिल्म 'द लेडी किलर' की विफलता को याद किया, जो हाल के वर्षों में बॉलीवुड की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्मों में से एक बनकर उभरी। उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म का लगभग 35 प्रतिशत हिस्सा कभी शूट ही नहीं किया गया था। हमने जो स्क्रिप्ट पढ़ी थी, वो पूरी थी, लेकिन सेट पर फिल्म को अधूरा छोड़ दिया गया और जो कुछ रिलीज हुआ, वो एक अधूरी फिल्म थी।

***भूमि ने बताया क्यों फ्लॉप हुई फिल्म :*** भूमि बोलीं कि जो फिल्म सिनेमाघरों में पहुंची, वह उस वर्जन से कोसों दूर थी, जिसे कलाकारों ने शुरुआत में साइन किया था। उन्होंने बताया, काश मुझे बेहतर पता होता, शायद अगर मैं सिस्टम का हिस्सा होती तो चीज़ों को अलग तरह से संभाल सकती थी। मैं सदमे में थी। मैं बस यही सोचती रह गई कि आखिर हो क्या रहा है, क्योंकि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। आखिरकार, मैंने खुद को समझाया कि यह एक सीख थी।

### हॉलीवुड मसाला



## हाउस ऑफ द... का टीजर जारी

**लॉस एंजिल्स।** एचबीओ की सबसे चर्चित वेब सीरीज 'हाउस ऑफ द ड्रैगन' लंबे समय से लोगों का ध्यान खींच रही है। निर्माताओं ने आखिरकार इसके तीसरे सीजन को लेकर बड़ी खुशखबरी साझा कर दी है। पोस्टर के बाद, उन्होंने आधिकारिक टीजर जारी किया है, जिसने आते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। रैनीरा टार्गेरियन के प्रभावशाली किरदार में, अभिनेत्री एम्मा डी'आर्सी ने दमदार वापसी की है। इसके अलावा, आयरन थ्रोन के लिए चल रहे युद्ध की पहली झलक दिखाई गई है।



## साउथ एशियन सेलिब्रेशन में चमकी 'बूंग' और 'द परफेक्ट नेबर'

लंदन स्थित ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (**BAFTA**) मुख्यालय में आयोजित 'सेलिब्रेटिंग साउथ एशियंस' कार्यक्रम में डेब्यू डायरेक्टर लक्ष्मीप्रिया देवी की फिल्म 'बूंग' और भारतीय-अमेरिकी डायरेक्टर गीता गांधबीर की डॉक्यूमेंट्री 'द परफेक्ट नेबर' ने खूब तालियां बटोरी। मणिपुरी कॉमेडी-ड्रामा 'बूंग' को फरहान अख्तर के बैनर एक्सेल एंटरटेनमेंट के समर्थन में बनाया गया है। ये मूवी बाफ्टा अवॉर्ड्स के बेस्ट चिल्ड्रन एंड फैमिली फिल्म कैटेगरी में नॉमिनेट हुई है। फिल्म की टीम की ओर से असिस्टेंट डायरेक्टर राहुल शारदा ने कहा, 'भारत की क्षेत्रीय फिल्मों को ग्लोबल मंच पर पहचान मिलना बहुत गर्व की बात है। भारत सिर्फ नाच-गाने वाली बॉलीवुड फिल्मों तक सीमित नहीं है, हमारी सांस्कृतिक विविधता बहुत बड़ी है।'



## 'लोका चैप्टर-2' को लेकर झूम उठेंगे फैंस

**मुंबई।** साउथ अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन की चर्चित फिल्म 'लोका चैप्टर 1- चंद्रा' की अपार सफलता के बाद फैंस इसके सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसा इसलिए भी क्योंकि फिल्म के क्लाइमैक्स में दुलकर सलमान के कैमियो ने एक बड़ा सस्पेंस छोड़ा था जिसके बारे में जानने के लिए लोग उतावले हो रखे हैं। सलमान के प्रोडक्शन हाउस, वेफरर फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म के सीक्वल पर अब खुद कल्याणी ने बड़ा अपडेट साझा किया है। मनी कंट्रोल के मुताबिक, कल्याणी ने 'लोका चैप्टर 2' पर एक अहम अपडेट साझा करते हुए पुष्टि की है कि उनका किरदार सीक्वल में वापसी करेगा। नक्षत्र, 2026 कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा, 'लोका चैप्टर 2' की कहानी शुरू हो चुकी है। हम सितंबर, 2026 तक शूटिंग शुरू करने की योजना बना रहे हैं।



## शिल्पा-जैकी 26 साल बाद फिर एक साथ

**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी और जैकी श्रॉफ की जोड़ी पूरे 26 साल बाद पर्दे पर वापसी कर रही है। ये दोनों कलाकार अमेजन प्राइम वीडियो की एक नई वेब सीरीज के लिए साथ आए हैं। आखिरी बार इन्हें 26 साल पहले पर्दे पर साथ देखा गया था, इसलिए दशकों बाद इनके नए प्रोजेक्ट ने दर्शकों को काफी उत्साहित कर दिया है। शिल्पा और जैकी के साथ-साथ उनके प्रशंसक भी इस सीरीज को लेकर बेहद उत्साहित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, शिल्पा और जैकी की जोड़ी पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार है। दोनों अमेजन प्राइम वीडियो की एक वेब सीरीज के लिए बातचीत कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि ये 8 कड़ियों की एक 'स्लाइस-ऑफ-लाइफ' ड्रामा सीरीज होगी, जो शहरी रिश्तों और जीवन में मिलने वाले दूसरे मौकों की कहानी बयां करेगी।

### टीवी मसाला



## द 50 शो से बाहर आते ही शिव ठाकरे के बिगड़े बोल, कहा- वहां हम जानवरों से...

**मुंबई।** रियलिटी शो द 50 शो इन दिनों जमकर सुर्खियां बटोर रहा है. कई रिपोर्ट्स की मानें, तो अगले महीने इस शो का ग्रैंड फिनाले होगा। वहीं, शो के विनर का भी नाम सामने आ चुका है। कहा जा रहा है कि शिव ठाकरे इस बार ट्रॉफी अपने नाम करेंगे। वहीं, इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें शिव और प्रिंस नरूला साथ नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में महल से बाहर आने के बाद यह दोनों अपना शो में एक्सपीरियंस शेयर कर रहे हैं. चलिए जानते हैं आखिर इन कंटेस्टेंट्स से शो को लेकर क्या-क्या कहा।

***क्या सच में शो से बाहर आ गए हैं शिव-प्रिंस? :*** सोशल मीडिया पर वायरल क्लिप में शिव कहते हैं कि शो के दौरान वह "कुछ जानवरों" से मिले। हालांकि उनका अंदाज पूरी तरह मजाकिया दिख रहा था, लेकिन इस एक लाइन ने सोशल मीडिया पर बहस छेड़ दी। प्रिंस नरूला भी बातचीत में शामिल होते हुए कहते हैं कि शो से बाहर आने के बाद उन्हें लग रहा है कि अंदर का समय काफी अच्छा था। दोनों ने यह भी माना कि उन्होंने गेम से ज्यादा मस्ती की और शो को एंजॉय किया।

***प्रिंस नरूला ने शो के बारे में क्या-क्या बताया? :*** जब पैपराजी ने उनसे पूछा कि क्या शो में झगड़े ज्यादा होते थे, तो शिव ने साफ कहा कि उन्हें लड़ाई-झगड़ा पसंद नहीं है। उनका कहना था कि जहां भी विवाद होता था, वे उस जगह से हट जाना बेहतर समझते थे। उन्होंने बताया कि शो के दौरान वे और प्रिंस अक्सर तनाव से दूर रहकर फन मोमेंट्स पर ज्यादा ध्यान देते थे।

## सलमान, आमिर के बाद अर्नब गोस्वामी बन सुनील ग्रोवर ने लूट ली महफिल

**मुंबई।** हाल ही में टीवी के सबसे चर्चित कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में में फिल्म 'ओ'रोमियो' की स्टार कास्ट पहुंची। इस खास एपिसोड में



फिल्म मेकर विशाल भारद्वाज भी मौजूद थे लेकिन हर बार की तरह इस बार भी असली महफिल सुनील ग्रोवर ने लूट ली। उनकी एंट्री और अंदाज ने दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया। कभी सलमान खान का दबंग स्टाइल, कभी आमिर की परफेक्शन वाली झलक, हर बार नए अवतार में नजर आने वाले सुनील ग्रोवर ने इस बार मशहूर न्यूज एंकर अर्नब गोस्वामी की पैरोडी की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। सुनील ने अपने सेगमेंट का नाम 'मुद्दा गर्म' रखा, जहां उन्होंने अपनी कॉमेडी से सभी को हंसने पर मजबूर किया। इस दौरान सुनील कहते हैं कि ' हमारी डिबेट में सबसे जरूरी है बोलना, लेकिन क्या बोलना है, ये मायने नहीं रखता।"

## तापसी पन्नू को मृणाल ठाकुर ने दी पटखनी 'अस्सी' से आगे निकली 'दो दीवाने शहर में'

*मुंबई। बॉलीवुड के लिए ये शुक्रवार बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक साबित नहीं हुआ। तापसी पन्नू की 'अस्सी', जिसे समीक्षकों से तो सराहना मिली, लेकिन दर्शकों को खींचने में ये फिल्म पहले दिन पूरी तरह विफल रही, वहीं युवाओं के बीच चर्चा बटोर रही मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की 'दो दीवाने शहर में' ने भी बॉक्स ऑफिस पर बेहद ठंडी शुरुआत की है। हालांकि, 'दो दीवाने शहर में' की पहले दिन की कमाई ने 'अस्सी' को पछाड़ दिया है।*

### 1 करोड़ का आंकड़ा भी पार ना कर पाई 'अस्सी'

रिपोर्ट के मुताबिक, 'अस्सी' ने अपने पहले दिन देशभर में मात्र 1 करोड़ रुपये कमाए। ये आंकड़ा इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि इस साल आई यामी गौतम की महिला केंद्रित की छोटे बजट की फिल्म 'हक' भी कमाई के मामले में इससे आगे रही। इसने भी 1.75 करोड़ रुपये बटोरे थे। 'मुल्क' और 'थप्पड़' जैसी सफल फिल्मों के बाद निर्देशक अनुभव सिन्हा और तापसी इस बार 'अस्सी' लेकर आए, जिसे तारीफ तो खूब मिली, लेकिन दर्शक नसीब नहीं हुए।



***दर्शकों की तारीफ पर टिका फिल्म का भविष्य :*** *फिल्म समीक्षकों और ट्रेड पंडितों का स्पष्ट मानना है कि 'अस्सी' जैसी गंभीर और विषय-प्रधान फिल्मों का भविष्य पूरी तरह से 'वर्ड ऑफ माउथ' यानी दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया पर निर्भर करता है। पहले दिन की सुस्त शुरुआत के बाद फिल्म के पास संभलने के लिए अब केवल वीकेंड का ही सहारा है।*

### 'दो दीवाने शहर में' की सधी हुई शुरुआत

उधर 'दो दीवाने शहर में' ने पहले दिन 1.25 करोड़ रुपये कमाए। हालांकि, ये आंकड़ा बड़ा नहीं है, लेकिन तापसी की फिल्म 'अस्सी' (1 करोड़) के मुकाबले ये फिल्म 25 लाख की बढ़त बनाने में कामयाब रही। फिल्म को युवाओं और मल्टीप्लेक्स दर्शकों का साथ मिला है। रवि उदयावर के निर्देशन वाली ये फिल्म मुंबई के 2 युवाओं की कहानी है, जो अपनी कमियों और अकेलेपन के बीच प्यार तलाशते हैं। शहरी युवाओं को इसकी कहानी खूब भा रही है।

## 'टॉक्सिक' में गैंगस्टर बनकर लौटे यश दुश्मनों पर पड़े भारी

**मुंबई।** 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल 'टॉक्सिक : ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' का धमाकेदार टीजर जारी हो गया है। केजीएफ 2' की ऐतिहासिक सफलता के बाद, यश की इस फिल्म से फैंस को बेशुमार उम्मीदें हैं और अब इसके टीजर ने उन उम्मीदों को और बढ़ा दिया है। केवीएन प्रोडक्शन द्वारा निर्मित और गीतु मोहनदार द्वारा निर्देशित 'टॉक्सिक' में अभिनेता का दलेर अवतार दिखाई दिया है, जो लोगों के होश उड़ाने के लिए काफी है।



### यश का एक्शन सीक्वेंस देख हिल जाएगा दिमाग

'टॉक्सिक' का टीजर 1 मिनट 55 सेकंड लंबा है जिसकी शुरुआत यश से होती है। बैकग्राउंड में आवाज आती है, 'इस बार जंग अलग है। उनकी मक्कारी भी अलग है। सबसे टकराना भारी पड़ेगा। यश अपने दुश्मनों पर भारी पड़ते दिखते हैं। इसमें एक्शन, मारधाड़ और खून-खराबा उच्च स्तर पर दिखाई देता है। कुछ दृश्य रूह कंपाने जैसे हैं। 19 मार्च को रिलीज हो रही फिल्म में कियारा आडवाणी, नयनतारा, तारा सुतारिया, हुमा कुरैशी जैसे सितारे हैं।

### समुद्री डाकू के रूप में दमदार अवतार देखने के लिए फैंस काफी उत्साहित

## प्रियंका की 'द ब्लफ' से पहले समुद्री डाकुओं पर बनीं हैं ये फिल्में

*मुंबई। प्रियंका चोपड़ा अपनी चर्चित फिल्म 'द ब्लफ' के जरिए फिर पूरी दुनिया का दिल जीतने आ रही हैं। 25 फरवरी, 2026 को यह अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देने के लिए तैयार है। फिल्म में अभिनेत्री का समुद्री डाकू के रूप में दमदार अवतार देखने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। इसी विषय से संबंधित कुछ शीर्ष रेटिंग वाली फिल्में पिछले सालों में रिलीज हुई हैं, जिनका लुत्फ उठाकर समुद्री डाकुओं की रोमांचक दुनिया का दीदार किया जा सकता है।*

### 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन' फ्रैंचाइजी

समुद्री डाकुओं पर बनी 8.1 रेटिंग वाली सबसे चर्चित फिल्म 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन' का जिक्र होना लाजिमी है। निर्देशक गॉर वरबिन्स्की ने इसकी पहली 3 किस्तों 'द कर्स ऑफ द ब्लैक पर्ल', 'डेड मैन्स चेस्ट' और 'एट वर्ल्ड्स एंड' को बनाया था। इसकी 2 अन्य किस्तें 'ऑन स्ट्रेंजर टाइड्स' और 'डेड मेन टेल नो टेल्स' भी हैं। फिल्म की कहानी जैक स्पैरो (जॉनी डेप) नाम के समुद्री डाकू, श्रापित खजाने और जहाजों के रोमांचक सफर के इर्द-गिर्द घूमती है।

### 'कैप्टन फिलिप्स' और 'द पाइरेट्स! बैंड ऑफ मिसफिट्स'

ऑस्कर विजेता टॉम हैंक्स की फिल्म 'कैप्टन फिलिप्स' 2013 में रिलीज हुई जिसे 7.8 की रेटिंग मिली है। इसकी कहानी 2009 में सोमाली समुद्री लुटेरों द्वारा अमेरिकी जहाज 'मर्स्क अलबामा' के अपहरण करने की सच्ची घटना पर आधारित है। इसे 6 ऑस्कर नामांकन मिले थे। 'द पाइरेट्स! बैंड ऑफ मिसफिट्स' एक बेहतरीन कॉमेडी एनिमेटेड फिल्म है जिसकी रेटिंग 6.7 है। कहानी एक जहाज कैप्टन पर बुनी गई है जो पायरेट ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीतना चाहता है।



### 'द पाइरेट्स ऑफ सोमालिया' और 'द प्रिंसेस ब्राइड'

ब्रायन बकले द्वारा निर्देशित 'द पाइरेट्स ऑफ सोमालिया' एक कनाडाई पत्रकार जय बहादुर की किताब पर आधारित है। कहानी समुद्र डाकुओं की रोजमर्रा की जिंदगी को दिखाती है। इसे आईएमडीबी पर 6.7 की रेटिंग मिली है। 'द प्रिंसेस ब्राइड' 1987 में रिलीज एक कल्ट क्लासिक फिल्म है जिसे 8 की रेटिंग मिली है। रॉब रेनर द्वारा निर्देशित इसकी कहानी एक प्रेमी वेस्टली के इर्द-गिर्द घूमती है जो अपनी प्रेमिका बटरकप को बचाने के लिए समुद्री डाकू का रूप लेता है।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित



**सक्ती।** छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन सक्ती की रविवार 22 फरवरी को रेस्टहाउस में जिला कार्य समिति की बैठक जिलाध्यक्ष रामनरेश यादव एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 15 मार्च को रायपुर में होने वाले प्रदेशस्तरी बैठक मे जाने संबंधी चर्चा एवं होली मिलन समारोह 7 मार्च को करने पर निर्णय हुआ। बैठक में मुख्य रूप प्रदेश सचिव दीपक गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप अग्रवाल जिला अध्यक्ष रामनरेश यादव महिला अध्यक्ष नेहा गुप्ता, कोषाध्यक्ष महिला श्रीमति झरना साहू, जिला प्रवक्ता राजीव लोचन सिंह ठाकुर ,सहसचिव नितिन सोनी कोषाध्यक्ष विजय मित्तल, महासचिव गोविंद मीडिया सह प्रभारी देव आशिष पटेल,गोपाल गोतम, मीडिया प्रभारी नारायण सहसचिव मोहन साहू, गुरमीत कौर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला युवा संसद में अकलतरा का प्रतिनिधित्व करेंगे शिवेश

**अकलतरा।** जिला स्तरीय युवा संसद उत्सव का आयोजन 28 फरवरी को नवीन शासकीय



महाविद्यालय नवागढ़ में किया जाएगा। यह कार्यक्रम माई भारत तथा रासेयो के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को संसदीय प्रक्रिया एवं लोकतांत्रिक मूल्यों से परिचित कराना है। आयोजन में अकलतरा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व शासकीय डॉ. इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक शिवेश कुमार मिश्रा करेंगे। उनका चयन जिला स्तरीय युवा संसद के लिए होना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।कार्यक्रम में जिले भर से लगभग 200 छात्र-छात्राओं के शामिल होने की संभावना है। प्रतिभागी छात्र संसद की कार्यप्रणाली का मॉक सत्र प्रस्तुत करते हुए विभिन्न राष्ट्रीय व सामाजिक मुद्दों पर अपने विचार रखेंगे। जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागी आगे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करेंगे। आयोजकों ने माय भारत पोर्टल पर पंजीकृत विद्यार्थियों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर इस लोकतांत्रिक आयोजन में सक्रिय भागीदारी करने का आग्रह किया है।

### होली पर शराब दुकान खोले जाने का फैसला अनुचित : गुप्ता

**चांपा।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने होली के पावन पर्व पर शराब दुकानें खोलने का जो फैसला



लिया है, वह न केवल सनातन धर्म की परंपराओं का अपमान है, बल्कि राज्य की कानून व्यवस्था और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी घातक साबित होगा। भाजपा सरकार के इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता ने कहा कि उमंग हंसी खुशी और प्रेम भाईचारे के त्यौहार होली में छत्तीसगढ़ की सारी दुकानें बंद रहेंगी लेकिन सिर्फ शराब दुकान खुली रहेगी और भाजपा सरकार ने दारू बेचने का निर्णय लिया है पहले होली से एक दिन पहले सभी शराब दुकानें बंद कर दी जाती थीं, जिससे शराब के नशे में बहकने वाले असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगता था और लोग शांति से त्योहार मना पाते थे। लेकिन अब सरकार ने नई आबकारी नीति में ड्राई डेज को घटाकर मात्र 4 कर दिया है, जिसमें होली, मुहर्रम और गांधी निर्वाण दिवस जैसे महत्वपूर्ण दिन शामिल नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा से सनातन संस्कृति की रक्षक होने का दावा करती रही है और चुनावों में इसी आधार पर वोट मांगती है, लेकिन सत्ता में आते ही वह अपनी संस्कृति को भूलकर सिर्फ आर्थिक लाभ की ओर ध्यान दे रही है। छत्तीसगढ़ में पहले से ही कानून व्यवस्था की स्थिति खराब है अपराध दर बढ़ रही है, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा खतरे में है। ऐसे में होली जैसे रंगों और खुशियों के त्योहार पर शराब की बिक्री खुली रखना हुल्लड़बाजों और असामाजिक तत्वों को बढ़ावा देगा। जिससे आम आदमी का शांतिपूर्ण उत्सव मनाना मुश्किल हो जाएगा।

कागजों में ही सिमटकर रह गई साफ-सफाई के लिए बनाई गई समिति

# बदहाली के दौर से गुजर रहे जिले के अधिकांश तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जलकुंभी से अटा पड़ा तालाब व पसरी गंदगी।

जिले के अधिकांश तालाब बदहाली के दौर से गुजर रहे है। इनके संरक्षण व संवर्धन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर बनाई गई स्वच्छता समिति महज कागजों में ही सिमटकर रह गई है।

गौरतलब है कि अविभाजित जिले में 654 ग्राम पंचायत एवं 920 राजस्व गांव की संख्या है, वहीं 7652 तालाबों है। इनमें 4457 शासकीय तो वही 2986 निजी तालाब है, लेकिन आधुनिकता के इस दौर में तालाबों का संवर्धन एवं संरक्षण नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण अधिकांश तालाब इन दिनों अस्तित्व संकट की समस्या से जूझ रहे हैं। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के लिए निस्तारी का प्रमुख संसाधन तालाब ही है, लेकिन तालाबों की साफ सफाई नहीं होने से अधिकांश तालाब जलकुंभी एवं कचरे से अटा पड़ा है। ग्राम पंचायतों में तालाबों के रखरखाव एवं साफ सफाई के लिए बनाई गई समिति महज कागजों में ही सिमट कर रह जाती है। पहले जहां ग्रामीण क्षेत्रों में धान सहित अन्य फसलों के लिए तालाबों के माध्यम से ही पानी पहुंचाया जाता था, लेकिन आधुनिकता के इस दौर में तालाबों का उपयोग खेती-बाड़ी के लिए पहले की अपेक्षा अब कम होने लगा है। पहले 70 से 150 हेक्टेयर जमीन पर सिंचाई तालाबों के माध्यम से ही होती थी, लेकिन अब समय में परिवर्तन होने के साथ ज्यादातर सिंचाई नहर के माध्यम से होती है। हर साल गर्मी के दिनों में जल संकट की समस्या रहती है वही गांव के तालाबों का जलस्तर भी कम होने लगता है। ऐसे में पेयजल की समस्या भी मवेशियों के लिए होती है। इसके अलावा जल संकट के कारण ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले रहने वाले लोगों को कपड़े धोने स्नान एवं पेयजल के लिए भी जूझना पड़ता है। इसके अलावा कई ग्राम पंचायतों का तालाब जलकुंभी से अटा पड़ा है, जिसके कारण तालाबों की सफाई एवं संवर्धन नहीं हो पा रहा है। जांजगीर-चांपा जिले में सबसे अधिक तालाब नगर पंचायत खरौद में है। अकलतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत नरियरा का रामसागर तालाब 100 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है। इसके बाद चांपा शहर का राम बांध का तालाब भी तकरीबन 90 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में फैला हुआ है। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जाए तो आधुनिकता के इस दौर में लोग तालाबों का उपयोग भी कम कर रहे हैं, जबकि पूर्व के समय में संसाधनों की समस्या थी जिसके कारण स्नान के लिए तालाब का का ही ज्यादातर लोग उपयोग करते थे। अब ग्रामीणों को भी तालाब की जरुरत कम पड़ती है। यही वजह है कि तालाबों की साफ-सफाई नियमित तौर पर नहीं हो पा रही है।



# स्वास्थ्य शिविर का 175 मरीजों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

- पकरिया में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

ग्राम पंचायत पकरिया में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जरुरतमंदों को नया जीवन देने 18 व्यक्तियों ने रक्तदान किया, वहीं 175 मरीजों का का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा दी गई।

सद्गति सेवा संस्थान चांपा के तत्वाधान में स्व. रूपचंद साहू, स्व. श्रीमती पुरातन बाई साहू एवं स्व. परसराम साहू की स्मृति में निर्मित मुक्तिधाम एवं प्रतिक्षालय भवन का उद्घाटन समारोह 21 फरवरी को साहू समाज सामुदायिक भवन ग्राम पकरिया में हुआ। वहीं आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सद्गति सेवा संस्थान के पदाधिकारियों सहित 18 व्यक्तियों द्वारा रक्तदान किया गया। शिविर में डॉ. आलोक मंगलम चिकित्सा विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय जांजगीर ने भी रक्तदान किया। इस शिविर में लगभग 175 मरीजों का एलोपैथी एवं आयुर्वेदिक माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत पामगढ़ के अध्यक्ष प्रतिनिधि मानेश जांगड़े ने साहू परिवार की ओर से निर्मित मुक्तिधाम एवं प्रतिक्षालय भवन को समाज हित में एक अनूठी एवं सराहनीय कदम बताया। कार्यक्रम को जनपद पंचायत पामगढ़ के उपाध्यक्ष रूपचंद साहू, प्रशांत कुमार दुबे संचालक, शिवशक्ति इंस्टीट्यूट खोरसी, श्रीमती रजनी दीपक साहू सदस्य जनपद पंचायत पामगढ़, श्रीमती प्रमीला सायतोण्डे सरपंच ग्राम पंचायत पकरिया, भरत लाल साहू अध्यक्ष साहू समाज परिक्षेत्र तनौद, गोपे लाल साहू अध्यक्ष साहू समाज खोरसी, पुरूषोत्तम साहू पूर्व उप सरपंच खोरसी, राजकुमार साहू अध्यक्ष साहू समाज रसौटा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन धनीराम साहू भंवतरा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाज के लोग व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मंत्री बने सद्दाम

**तालदेवरी।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा, जिला सक्ती की नवीन जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। इस सूची में



सद्दाम हुसैन को जिला मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन एवं जिला नेतृत्व की अनुशंसा पर की गई है। संगठन ने सद्दाम हुसैन पर भरोसा जताते हुए उन्हें अल्पसंख्यक समाज को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की जिम्मेदारी दी है। नियुक्ति के पश्चात सद्दाम हुसैन ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश एवं जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वे अल्पसंख्यक समाज के हितों के लिए कार्य करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे।

## स्काउट्स गाइड्स ने दिया विश्व बंधुत्व का संदेश, बनाई मानव श्रृंखला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के गौरवशाली 75 वर्ष पूर्ण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़वा में कार्यक्रम आयोजित



उपस्थित स्कूल स्टाफ व स्काउट गाइड।

स्काउटिंग आंदोलन के जन्मदाता लॉर्ड बेडन पावेल के जयंती एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के गौरवशाली 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'हीरक जयंती' के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़वा के प्रांगण में एक भव्य और भावनात्मक दृश्य देखने को मिला।

स्काउटिंग के जनक लॉर्ड बेडेन पावेल के जन्मदिवस (विश्व चिंतन दिवस) पर स्काउट्स, गाइड्स और रोवर-रेंजर्स ने एकजुटता की मिशाल पेश की। 'वी शैल ओवर कम' के जयघोष के साथ बनी मानव श्रृंखलाकार्यक्रम का सबसे प्रेरणादायक क्षण वह था जब सावित्रीबाई फुले गाइड टीम, स्वामी विवेकानंद स्काउट दल एवं द ग्रीन थम्ब रोवर क्रू के सदस्यों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर विशाल मानव श्रृंखला बनाई। इस दौरान हवाओं में वी शैल ओवर कम और हिंद देश के निवासी, सभी जन एक हैं के सुरीले और जोश से भरे स्वर गूंज उठे। इन गीतों के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि कठिन परिस्थितियों में भी हम एकजुट रहकर विजय प्राप्त कर सकते हैं और विश्व बंधुत्व की भावना ही राष्ट्र की असली शक्ति है। मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य जी. एस. साहू ने कहा कि स्काउटिंग से युवाओं में साहस और आत्मविश्वास का संचार होता है। जिला सचिव दीपक कुमार यादव ने हीरक जयंती मशाल रैली और सामूहिक प्रतिज्ञा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह संगठन अनुशासन और सेवा की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। कार्यक्रम में व्याख्याता होमेश्वर प्रसाद साहू, श्रीमती कविता साहू, अभिषेक पाठक, कु. अनिता टांडे और आशुतोष शर्मा ने सक्रिय भागीदारी निभाई। संयोजन डी.ओ.सी. गाइड कु. श्वेता जायसवाल ने किया। उन्होंने बेडेन पावेल के जीवन के प्रेरक प्रसंग सुनाए, वहीं रोवर लीडर सुख सागर निराला ने विषम परिस्थितियों में सामंजस्य बैठाने के गुर सिखाए। राज्यपाल स्काउट कृपाल सिंह कंवर, भागीरथी बरेठ, प्रेमेन्द्र साहू, राज्यपाल गाइड दीपिका साहू और रोवर पुष्कर साहू के नेतृत्व में सभी छात्र-छात्राओं ने सेवा और राष्ट्र निर्माण की सामूहिक प्रतिज्ञा ली।

### मनरेगा अंतर्गत 3 करोड़ रुपये के निर्माण कार्यों की मिली प्रशासकीय स्वीकृति

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सक्ती वासु जैन के निर्देशन में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत सरपंचों की,बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा योजना अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ लगभग 3.5 करोड़ रुपये के निर्माण कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति आदेश सरपंचों को प्रदान किया गया। इस अवसर पर सरपंचों को निर्देशित किया गया कि सभी स्वीकृत कार्य गुणवत्तापूर्वक एवं निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराए जाएं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों के क्रियान्वयन में गुणवत्ता और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए। योजना अंतर्गत आजीविका डबरी निर्माण, मुक्तिधाम निर्माण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली गोदाम भवन निर्माण, सिंचाई हेतु नाली निर्माण कार्य सहित विभिन्न विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इन कार्यों के लिए ग्राम पंचायत कलमी, ढीमानी, नग्झर, बोकरेल, भठोरा, बंदोरा भेड़ीकोना, मरघटी, रनपोटा, सिंघरा, सुलौनी कटेकोनी छोटे, कंवलझर, गोपालपुर, नवापारा म, सरवानी बा, सकरेली बा, आमापाली गलगलाडीह, ठठारी एवं हरदीडीह में प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## भाजपा जिला अल्पसंख्यक मोर्चा में विभिन्न पदाधिकारीयों की हुई नियुक्ति



**अकलतरा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह एवं महामंत्री प्रदेश संगठन पवन साय के मार्गदर्शन , प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मखमूर इकबाल खान के निर्देशानुसार व भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े के सहमति से अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह जब्बल के द्वारा नगर के सुशील जैन को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष, रूपेश जैन (अक्की) को जिला महामंत्री, मोहम्मद एजाज खान एवं मोहम्मद यूनुस खान को जिला मंत्री व आशीष जैन को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अकलतरा नगर मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारीयों ने संगठन के पदाधिकारियों एवं छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए जिम्मेदारी का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करते हुए पार्टी के मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास को अल्पसंख्यक लोगों तक पहुंचा कर उन्हें पार्टी से जोड़ते हुए पार्टी को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। उपरोक्त पदाधिकारियों की नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष है।

## ज्ञान परमात्मा की देन, कबीर की वाणी में आध्यात्मिकता : राजेश्री महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- सतगुरु कबीर सेवा निकेतन सक्ती के वार्षिक संत समागम समारोह में सम्मिलित हुए महामंडलेश्वर



कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते राजेश्री महंत रामसुदंर दास।

छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज सदगुरु कबीर सेवा निकेतन सक्ती में आयोजित वार्षिक संत समागम समारोह के शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित हुए।

कार्यक्रम 22 फरवरी से 24 फरवरी तक आयोजित है। यहां पहुंचने पर आश्रम के सभी संत महात्माओं ने श्रद्धा- भक्ति पूर्वक उनकी अगवानी की। कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों के स्वागत के पश्चात उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए राजेश्री महन्त महाराज ने कहा कि- कबीर साहेब ने किसी स्कूल या महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण नहीं किया यहां तक कि वे साक्षर भी नहीं थे किंतु उनकी वाणी में इतनी आध्यात्मिकता है कि संसार के सर्वाधिक पढ़े-लिखे लोग भी उस पर शोध कर रहे हैं। वस्तुतः ज्ञान परमात्मा की देन होती है। कबीर साहेब ने स्वयं लिखा है कि - मसि कागद छुओ नहीं, कलम गही नहिं हाथ। चार जुगों की वार्ता। मुख ही जनाई बात।। वे जगतगुरु स्वामी रामानंदाचार्य महाराज की शिष्य परंपरा से थे इस बात का उल्लेख उन्होंने स्वयं ही किया है - हम कासी में प्रकट भये हैं। रामानंद चेताये।। अर्थात काशी में इनका जन्म हुआ और इन्होंने श्री स्वामी रामानंदाचार्य जी महाराज से ज्ञान की प्राप्ति की उन्हें अपना गुरु माना। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री नोबेल वर्मा, कबीर आश्रम खरसिया से महेश्वर साहेब, सक्ती आश्रम के महंत एवं कार्यक्रम के आयोजक कबीर शरण साहेब सहित अन्य स्थानों से आए हुए संत महात्मा एवं श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित थे। यह कार्यक्रम 24 फरवरी तक आयोजित है।

## कृषि व पशु सखियों को दी जा रहीं जैविक कृषि व पशुपालन की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह



प्रशिक्षण में शामिल कृषि व पशु सखी को जानकारी देते मास्टर ट्रेनर।

ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक गांव में बिहान योजना के तहत चयनित क्रृषि सखी और पशु सखियों को ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान नन्दौरखुर्द, सक्ती में कृषि और पशुपालन को लेकर निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

संस्थान के निदेशक व एलडीएम मनोज वर्मा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक गांव में कृषि सखी और पशु सखी की नियुक्ति बिहान योजना के तहत किया गया है। उन सभी कृषि सखी और पशु सखियों को सक्ति जिला मुख्यालय से लगे नन्दौरखुर्द स्थित रीपा गौठान में संचालित ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 13 दिवसीय क्रृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव के द्वारा क्रृषि और पशुपालन के बारे में जानकारी दिया जा रहा है। इसके साथ ही संस्थान के फेकेल्टी विक्टर कोसरिया, आशीष कुमार पाठक द्वारा उद्यमिता कौशल विकास को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। श्री वर्मा ने आगे बताया कि जिले के क्रृषि सखी और पशु सखी दीदियों को यहाँ पर दी जाने वाली 13 दिवसीय क्रृषि उद्यमी प्रशिक्षण पूर्ण रूप से निःशुल्क है और आवासीय है। उन्होंने आगे बताया कि प्रशिक्षण के दौरान जिले के बिहान की क्रृषि सखी और पशु सखी दीदियों को बहेराडीह में संचालित पहला किसान स्कूल वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल का भ्रमण भी कराई जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चेतन बाई साहू, अन्नपूर्णा बैरागी पेण्डरुआ, रचना साहू, रत्ना पाव, अमलीपाली, पुसमती सिदार बघनीपाली, जैन कुमारी वारे, पूनम वारेन रेड़ा,जानकी पटेल, रजनी सिदार दर्री, फुलेश्वरी चंद्रा हरदी डीह, रीता साहू, कामिनी कौशल महंत सरवानी बाराद्वार, अनिता सिदार, भारती सिदार किरारी गुडेराडीह, अहिल्या मैत्री, दूज बाई कोरवा रैनखोल, प्रीति कंवर, सरोज जामचुआं, शारदा धनुहार, दिब्यां सिदार बुढ़नपुर, रजनी भारद्वाज सिंघितराई, नागेश्वरी निषाद, विनोधा, भांति राठिया अकोल जमोरा, सरस्वती कंवर घुईचुआ, सम्मी टंडन भदरीपाली, शीला चौहान ओड़ेकेरा आदि बिहान की क्रृषि सखी और पशु सखी दीदियां शामिल हैं।

